# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

## प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

**दिनांक 01.04.2026**

**साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर द्वारा मेट्रोमोनियल साइट के नाम पर शादी कराने का झाँसा देकर कॉल सेन्टर चलाकर आम-जनमानस से वित्तीय धोखाधड़ी में संलिप्त अंतर्राज्यीय गिरोह के 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कर कब्जे से भारी संख्या में मोबाइल फोन, सिम व कम्प्यूटर इत्यादि बरामद । पुलिस टीम को 15 हजार रूपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** प्रतिबिम्ब पोर्टल पर स्थान/क्षेत्र विशेष से प्रदर्शित संदिग्ध मोबाइल नम्बरों की साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा दिनाँक 31.03.2026 को जाँच/सत्यापन के अनुक्रम में संकलित अभिलेखीय/इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर जनपद के थाना राधानगर अन्तर्गत देवीगंज में किराये के मकान में मेट्रोमोनियल साइट के नाम पर शादी कराने का झाँसा देकर कॉल सेन्टर चलाकर आम-जनमानस से वित्तीय धोखाधड़ी कारित करने के कॉल सेन्टर को भण्डाफोड़ कर साइबर क्राइम पुलिस थाना पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 08/2026 धारा 318(2)/ 319(2)/ 338/ 336(3)/ 340/ 111(4)/61(2) बीएनएस व 66सी/ 66 डी IT ACT पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का विवरण-** श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में साइबर अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर के पर्यवेक्षण में पुलिस उपाधीक्षक अपराध के कुशल नेतृत्व में प्रतिबिम्ब पोर्टल पर स्थान/क्षेत्र विशेष से प्रदर्शित संदिग्ध मोबाइल नम्बरों के जाँच/ सत्यापन के अनुक्रम में संकलित अभिलेखीय/इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर शादी कराने के मेट्रोमोनियल साइट के कॉल सेन्टर का भण्डाफोड़ कर दिनाँक 31.03.2026 गिरोह के 03 लडकियों सहित कुल 06 अभियुक्तों क्रमशः 1. आदित्य यदु 2. अनिल कुमार 3. दिनेश कुमार बंजारे 4. नीलम 5. तनु शर्मा 6. श्रेया मिश्रा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त भारी संख्या में मोबाइल फोन, सिम कार्ड व कम्प्यूटर बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 08/2026 धारा 318(2)/ 319(2)/ 338/ 336(3)/ 340/ 111(4)/61(2) बीएनएस व 66सी/ 66 डी IT ACT पंजीकृत कर विधिक अनुक्रम में अभियुक्तों को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

**पूछताछ का विवरण-** छताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोगों द्वारा यहाँ 'uniquerishtey.com' वेबसाइट के माध्यम से शादी के इच्छुक महिला व पुरुषों के मोबाइल नंबर प्राप्त किए जाते थे। उन नंबरों पर कॉल करके उन्हें अलग-अलग 'पैकेज' के ऑफर दिए जाते थे और क्यूआर (QR) कोड के माध्यम से अपने बैंक खातों में पैसे लिए जाते थे। हमारे पास ₹2,999 से लेकर ₹19,999 तक की पाँच श्रेणियों के ऑफर थे। इसके पश्चात इच्छुक व्यक्तियों को व्हाट्सएप (WhatsApp) के माध्यम से लड़के/लड़कियों के फोटो भेजे जाते थे। फोटो पसंद आने पर उन्हें एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया जाता था, जिस पर वे बात करते थे। यह कॉल सेंटर पिछले लगभग 18 माह से संचालित किया जा रहा है। आगरा निवासी अमित कुमार के सहयोग से फर्म का पंजीकरण कराया गया और कंपनी संचालन हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। अक्टूबर 2024 से हमने नियमानुसार कर्मचारियों की नियुक्ति कर इसे बड़े स्तर पर संचालित करना शुरू किया। हमारा मुख्य उद्देश्य शादी के इच्छुक व्यक्तियों को छलना था। अमित कुमार हमें लड़कियों के फर्जी फोटो और मोबाइल नंबर उपलब्ध कराता था। इस कार्य के लिए सिम कार्ड कानपुर की नन्दिनी नाम की महिला (जो एयरटेल कंपनी, कानपुर में कर्मचारी है) के माध्यम से उपलब्ध कराए जाते थे। हम शादी के इच्छुक व्यक्तियों को जो फर्जी फोटो और नंबर देते थे, उसके बदले प्राप्त धनराशि से कर्मचारियों का वेतन देने के बाद शेष राशि अमित, अनिल और मैं आपस में बाँट लेते थे। इस प्रकार हम आम जनता के साथ साइबर वित्तीय ठगी करते थे। कंपनी के नाम से विभिन्न बैंकों में लगभग 06 खाते संचालित हैं। हम एक-दो बार फर्जी लड़कियों से बात कराकर विश्वास जीतते थे और पैसा प्राप्त होने के बाद संबंधित व्यक्ति से संपर्क बंद कर देते थे। इस अवैध कारोबार में हमें अच्छी कमाई होती थी। लगभग 6 माह पूर्व तनु शर्मा के नाम से बैंक खाता खुलवाकर उसे लेनदेन के संचालन का काम सौंपा गया था। हमारा सहयोगी दिनेश बंजारा भी कानपुर के थाना सीसामऊ अंतर्गत हीरागंज मोहल्ले में 'शुभ-मंगल जोड़ी' के नाम से ऐसी ही फर्म संचालित करता है। अन्य सहयोगी महिलाएँ, नीलम और श्रेया, टीम लीडर की भूमिका में कार्य करती थीं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. आदित्य यदु पुत्र धर्मेन्द्र यदु निवासी ग्राम पसीद पो0बिटकुली थाना करही बाजार जनपद बलोदा बाजार राज्य छत्तीसगढ़ हाल पता टीचर्स कालोनी हरिहरगंज थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर उम्र करीब 22 वर्ष ।

2.अनिल कुमार पुत्र बाला प्रसाद निवासी नहेड़ी पोस्ट लशकरपुर थाना कोरावल जनपद राजगढ़ राज्य म0 प्र0 हाल पता टीचर्स कालोनी हरिहरगंज थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर उम्र करीब 22 वर्ष ।

3.दिनेश कुमार बंजारे पुत्र स्व. कौशल प्रसाद बंजारे निवासी ग्राम डोंगरी डीह पो0 अमलेडी थाना माल खरौंदा जनरद शक्ति राज्य छत्तीसगढ़ हाल पता म0नं0 108/52ए, आऱके नगर थाना सीसामऊ कानपुर नगर उम्र 26 वर्ष।

4.नीलम पुत्री स्व. हीरालाल निवासी ग्राम हरिया पुर पो0 बनरसी थाना ललौली जनपद फतेहपुर उम्र 21 वर्ष।

5.तनु शर्मा पुत्री अरविन्द कुमार निवासी बहुआ पुलिया राधानगर थाना राधानगर जनपद फतेहपुर उम्र 21 वर्ष।

**1.** श्रेया मिश्रा पुत्री राजेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम काँधी पो0 काँधी थाना मलवाँ जनपद फतेहपुर उम्र 22 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. कम्प्यूटर सीपीयू-08 अदद
2. कम्प्यूटर मॉनिटर -07 अदद
3. कैनन लेजर प्रिंटर-01 अदद
4. की-बोर्ड-07 अदद
5. माउस-08 अदद
6. बॉयोमैट्रिक डिवाइस-01 अदद
7. एचडीएमआई केबल-07 अदद
8. सीसीटीवी कैमरा डीवीआर-02 अदद
9. की-पैड मोबाइल- 25 अदद
10. एन्ड्रॉएड मोबाइल -03 अदद
11. जियो फाइबर राउटर-01 अदद
12. हार्ड डिस्क-01 अदद
13. सिम कार्ड (एयरटेल)-137 अदद
14. सिम कार्ड (वीआई)-07 अदद
15. कैश- 72930/- रू0 नकद

**एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या-**

1. NCRP शिकायत संख्या – 33311250030473 जनपद कबीरधाम छत्तीसगढ़।
2. NCRP शिकायत संख्या –31209250010937 जनपद चम्बा हि0 प्र0।
3. NCRP शिकायत संख्या – 33110250145808 जनपद जालौन उ0प्र0।
4. NCRP शिकायत संख्या – 31910250204041 जनपद पुणे महाराष्ट्र।
5. NCRP शिकायत संख्या – 33112250175903 जनपद बहराइच उ0प्र0।
6. NCRP शिकायत संख्या – 31309250064565 जनपद अम्बाला हरिय़ाणा।
7. NCRP शिकायत संख्या – 31908250152539 जनपद नागपुर महाराष्ट्र।
8. NCRP शिकायत संख्या – 31202260001334 जनपद मण्डी हि0 प्र0।
9. NCRP शिकायत संख्या – 30802260011369 जनपद द्वारका दिल्ली।
10. NCRP शिकायत संख्या – 30501260007011 जनपद बग्धा बिहार।
11. NCRP शिकायत संख्या – 30803260015461 जनपद दिल्ली आउटर दिल्ली।
12. NCRP शिकायत संख्या – 33303260008688 जनपद शक्ति छत्तीसगढ़।
13. NCRP शिकायत संख्या –31102260034546 जनपद सुरत, गुजरात।
14. NCRP शिकायत संख्या – 31911240163485 जनपद रैगाड़ महाराष्ट्र।
15. NCRP शिकायत संख्या – 31912250249230 जनपद मीरा भयन्दर वासी महाराष्ट्र।
16. NCRP शिकायत संख्या – 33103260062885 जनपद कांशीरामनगर उ0प्र0।
17. NCRP शिकायत संख्या – 31902250034291 जनपद गोंडिया महाराष्ट्र।

**जाँच/गिरफ्तारी करने वाली टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद कमर खान, साइबर क्राइम पुलिस थाना फतेहपुर।
2. उ0नि0 रणधीर सिंह
3. मु0आ0 सुमेश कुमार, **4**. का0 अभिषेक कुमार
5. का0 अरूण कुमार**, 6.** का0 शुभेन्दु रंजन

**7**.म0का0 सुगन्ध